# केन्द्रीय विद्यालय भारतीय प्रबंध संस्थान, लखनऊ

## अर्द्धवार्षिक परीक्षा २०१९-२०

कक्षा – पंचम   वर्ग ........   समय - २.३० घंटे

छात्र/ छात्रा का नाम______________________   अनुक्रमांक ..........

| कौशल | पढ़ना | लिखना गद्य/पद्य | व्याकरण | सृजनात्मक लेखन | वर्तनी | सुलेख | कुल योग |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| पूर्णांक | 20 | 15 | 15 | 15 | 10 | 5 | 80 |
| प्राप्तांक | | | | | | | |
| ग्रेड | | | | | | | |

दिनांक ..........................

पर्यवेक्षक के हस्ताक्षर ........................   परीक्षक के हस्ताक्षर...................

प्रश्न-1) पठित गद्यांश को पढ़कर प्रश्नों के उत्तर लिखो।   ( 10 अंक)

बहुत पुराने समय में कबूतरों के द्वारा सन्देश भेजे जाते थे। आम आदमी तक चिट्ठी-पत्री पहुँचाने का काम पैदल ही करने वालों को हरकारा कहा जाता है। राजा, महाराजाओं के पास घुड़सवार हरकारे हुआ करते थे। हरकारों को न सिर्फ़ हर तरह की जगहों पर पहुँचना होता था, बल्कि डाकू, लूटेरों या जंगली जानवरों से डाक की भी रक्षा करनी होती थी। आज भी भारतीय डाक सेवा दुर्गम व पहाड़ी इलाकों तक डाक पहुँचाने के लिए हरकारों पर निर्भर करती है। जम्मू कश्मीर के लद्दाख खंड में पदम (जंस्कार) जैसी कई जगह हैं जहाँ हरकारे डाक पहुँचाते है। आजकल हवाई जहाज, पानी के जहाज द्वारा डाक पहुंचाई जाती। डाक विभाग भी पत्र , मनीआर्डर के साथ-साथ बधाई कार्ड आदि लोगों तक पहुँचा रहा है।

प्रश्न 1) पुराने समय में सन्देश किनके द्वारा भेजे जाते थे?

..........................................................................................................................

प्रश्न 2) आम आदमी तक चिट्ठी-पत्री पहुँचाने का काम पैदल ही करने वालों को क्या कहते हैं?

..........................................................................................................................

प्रश्न 3) राजा-महाराजाओं के पास सन्देश पहुँचाने का काम कौन करते हैं?

.....................................................................................................................

प्रश्न 4) पुराने समय में हरकारों को क्या-क्या कठिनाइयाँ होती थीं?

.....................................................................................................................

प्रश्न 5) वाक्य पूरा कीजिये-

‘आज भी भारतीय डाक सेवा दुर्गम व पहाड़ी इलाकों तक डाक पहुँचाने के लिए ............................ पर निर्भर करती है।’

प्रश्न 6) गद्यांश में दी गयी एक ऐसी दुर्गम जगह का नाम लिखें जहाँ आज भी हरकारे डाक पहुँचाते हैं?

.....................................................................................................................

प्रश्न 7) आजकल डाक बाँटने में कौन-कौनसे साधन इस्तेमाल किये जा रहे हैं?

.....................................................................................................................

प्रश्न 8) डाक विभाग पत्र, मनीआर्डर के साथ-साथ और क्या-क्या लोगों तक पहुँचा रहा है?

.....................................................................................................................

प्रश्न 9) गद्यांश से छांटकर नीचे लिखे शब्दों के विलोम शब्द लिखो-

सुगम-...................................

पालतू -.................................

प्रश्न 10) प्रस्तुत गद्यांश आपकी पाठ्यपुस्तक के किस पाठ से लिया गया है?

.....................................................................................................................

प्रश्न-2) अपठित गद्यांश को पढ़कर प्रश्नों के उत्तर दीजिए- (10 अंक)

हमारा देश 15 अगस्त , 1947 को स्वतंत्र हो गया था ,परन्तु हमारा अपना कोई संविधान नहीं था। 26 जनवरी, 1950 के शुभ दिन हमने देश के लिए नया संविधान बनाया। श्री राजेन्द्र प्रसाद भारत के प्रथम राष्ट्रपति बने। इसी दिन भारत संप्रभुता संपन्न लोकतंत्रात्मक गणराज्य बना। 26 जनवरी को मनाया जाने वाला गणतंत्र दिवस हमारा राष्ट्रीय पर्व है। सभी धर्मों के लोग इसे उत्साह के साथ मनाते हैं। आज हम सब एक नए भारत के निर्माण की ओर बढ़ रहे हैं, जिसमें सभी सुखी होंगे, सबको समान न्याय तथा उन्नति के समान अवसर मिलेंगे। हमारी आज़ादी विश्व के सभी गुलाम देशों की आज़ादी की प्रतीक बन गई है।

प्रश्न 1) हमारा देश कब स्वतंत्र हुआ ? ठीक (✓) का निशान लगाओ।

क) 10 अगस्त, 1947 ( ) ख) 15 अगस्त,1948 ( )

ग) 15 अगस्त, 1947 ( ) घ ) 20 अगस्त, 1949 ( )

प्रश्न 2) हमारा संविधान कब बना ? ठीक (✓) का निशान लगाओ।

क) 15 अगस्त, 1947 ( ) ख) 26 जनवरी, 1950 ( )

ग) 26 जनवरी 1952 ( ) घ) 26 जनवरी, 1930 ( )

प्रश्न 3) देश के प्रथम राष्ट्रपति कौन थे ? ठीक (✓) का निशान लगाओ।

क) श्री राजेन्द्र प्रसाद ( ) ख ) जवाहर लाल नेहरु ( )

ग) लाल बहादुर शास्त्री ( ) घ) सुभाष चन्द्र बोस ( )

प्रश्न 4) हमारा राष्ट्रीय पर्व कौन सा है ? ठीक (✓) का निशान लगाओ।

क ) होली ( ) ख) ईद ( )

ग) क्रिसमस ( ) घ) गणतंत्र दिवस ( )

प्रश्न 5) आज हम किस ओर बढ़ रहे है ? ठीक (✓) का निशान लगाओ।

क) नए भारत के निर्माण की ओर ( ) ख) सुखी होने की ओर ( )

ग) विनाश की ओर ( ) घ) भ्रष्टाचार की ओर ( )

प्रश्न 6) हमारी आज़ादी किसकी प्रतीक बन गई है ? ठीक (✓) का निशान लगाओ।

| | | | |
|---|---|---|---|
| क) आत्मगौरव की | (   ) | ख) आत्मनिरीक्षण की | (   ) |
| ग) स्वाभिमान की | (   ) | घ) सभी ग़ुलाम देशों की आज़ादी की | (   ) |

प्रश्न 7) सभी धर्मों के लोग गणतंत्र दिवस कैसे मनाते हैं ?

उत्तर-

..........................................................................................................................................

..........................................................................................................................................

प्रश्न 8) नए भारत के निर्माण से क्या फ़ायदा होगा ?

उत्तर-.................................................................................................................................

..........................................................................................................................................

प्रश्न 9) विलोम शब्द ढूँढ़कर लिखिए-

1) परतंत्र -................................................

2) दुखी -..................................................

प्रश्न 10) "दिन" के दो पर्यायवाची शब्द लिखो।

दिन-..................,..........................,..........................

## लिखना गद्य/पद्य (15 )

प्रश्न 1 ) राजा के मंत्री का नाम क्या था ?

उत्तर- ...................................................................................................................

प्रश्न 2) गुजरात में मकर संक्रांति का पर्व किस तरह मनाया जाता है ?

उत्तर.....................................................................................................................

..........................................................................................................................................

प्रश्न 3) केशव सबको सुनाता होगा। केशव सबको क्या सुनाता होगा ?

उत्तर.......................................................................................................................

.........................................................................................................................

प्रश्न 4) पत्र में नाम न होने पर क्या समस्याएँ आ सकती हैं ?

.........................................................................................................................

.......................................................................................................................

प्रश्न 5) डाक सेवक के प्रमुख कार्य लिखिए-

उत्तर.......................................................................................................................

.........................................................................................................................

प्रश्न 6) कुम्मी के हाथ जो किताब आयी थी वो कब छपी होगी ?

उत्तर.......................................................................................................................

.........................................................................................................................

प्रश्न 7) मिलान करो

| राज्य | त्योहार |
| --- | --- |
| 1) उत्तर प्रदेश | लोहड़ी |
| 2) पंजाब | ओणम |
| 3) केरल | मकर-संक्रांति |

प्रश्न 8) केशव दस साल का था। क्या उसकी उम्र के बच्चों का नक्काशी के काम से जुड़ना ठीक था ? अपने उत्तर का कारण भी लिखो ?

उत्तर-...................................................................................................................

.........................................................................................................................

प्रश्न 9) लोनपोगार के बेटे को शहर में कौन मिली थी ?

उत्तर-.................................................................................................................

.....................................................................................................................................

प्रश्न 10)मेरी माँ बहुत खुश होती है जब मैं -

उत्तर-

.....................................................................................................................................

.....................................................................................................................................

प्रश्न 11) लगता है कोई बहुत बड़ा आदमी है। यहां पर बड़े आदमी से केशव का क्या मतलब है ?

उत्तर-...................................................................................................................

.....................................................................................................................................

प्रश्न 12 ) कटाव शब्द में 'कट' क्रिया है। निम्नलिखित शब्दों में कौनसी क्रिया है? बताईए-

1. चुनाव ..........................................
2. पड़ाव ..........................................

प्रश्न 13 ) अपने विद्यालय का पिन कोड लिखिए-

उत्तर-...................................................................................................................

## <u>व्याकरण</u> (15)

प्रश्न 1) भाववाचक संज्ञा की परिभाषा लिखिए-

.....................................................................................................................................

.....................................................................................................................................

.....................................................................................................................................

प्रश्न 2) लिंग बदलिए-

i) राजा - ...................          ii) मोर - ......................

प्रश्न 3) विशेषण शब्दों पर गोला लगाईए-

(i) आसमान में काले बादल छाये हैं।

(ii) इतनी भारी साड़ी क्यों पहनी?

प्रश्न 4) वचन बदलिए-

i) दवाई - ........................ ii) जलेबी - .............................

प्रश्न 5) मुहावरों के अर्थ लिखिए-

(i) ईद का चाँद होना – ................................................................................................

प्रश्न 6) वाक्य को पूरा कीजिए-

(i) वह इतना धीरे चल रहा था, मानो.......................................................................................

प्रश्न 7) अनेक शब्दों के लिए एक शब्द लिखिए-

(i) जो कभी न मरे - ............................................................

(ii) जो सब जानता हो -.........................................................

प्रश्न 8) पर्यायवाची शब्द लिखिए-

(i) मित्र - ..............................,..................................,...............................

(ii) सूर्य - ..........................,..................................,.................................

प्रश्न 9) विलोम शब्द लिखिए-

(i) प्रकाश - ........................................ (ii) हर्ष - ........................................

प्रश्न 10) क्रिया शब्द पर गोला लगाईए-

मैंने अपना सारा गृहकार्य कर लिया।

प्रश्न 11)दो संज्ञाएँ सोचकर लिखिए-

i) शहर - ....................................., ii) नाम- ........................................ ,

प्रश्न 4) मिलान कीजिए-

| मुहावरा | अर्थ |
|---|---|
| आँख दिखाना | बहुत प्यारा |
| आँख का तारा | डराना |

प्रश्न 13 ) नीचे लिखे शब्दों से पहले उचित विशेषण लिखिए-

क) ___________ हाथी                     ख ) ______________ लड़का

प्रश्न 14 )प्रत्यय जोड़कर नए शब्द बनाईए-

क ) प्रदर्शन + ई = ________________________

ख) धर्म + इक = ________________________

प्रश्न 15 नीचे  लिखे शब्द का भिन्न-भिन्न अर्थ लिखिए- |

आम = _______________ , ________________________

## सृजनात्मक लेखन  (10)

1) अपने विद्यालय  के बाल उद्यान का चित्र बनाओ। हम अपने स्कूल को साफ़ सुथरा कैसे रख सकते है ? लिखो-

उत्तर-

........................................................................................................................

........................................................................................................................

........................................................................................................................

........................................................................................................................

........................................................................................................................

........................................................................................................................

……………………………………………………………………………………………………

……………………………………………………………………………………………………

2) इला के बारे में पांच वाक्य लिखिए-

उत्तर……………………………………………………………………………………………

……………………………………………………………………………………………………

……………………………………………………………………………………………………

……………………………………………………………………………………………………

……………………………………………………………………………………………………

……………………………………………………………………………………………………

……………………………………………………………………………………………………

……………………………………………………………………………………………………

……………………………………………………………………………………………………

……………………………………………………………………………………………………

……………………………………………………………………………………………………

2) अपने विद्यालय के प्राचार्य को पाँच दिनों के अवकाश के लिए प्रार्थना-पत्र लिखिए-

उत्तर……………………………………………………………………………………………

……………………………………………………………………………………………………

……………………………………………………………………………………………………

……………………………………………………………………………………………………

……………………………………………………………………………………………………

……………………………………………………………………………………………………

……………………………………………………………………………………………………

……………………………………………………………………………………………………

……………………………………………………………………………………………………

……………………………………………………………………………………………………

## वर्तनी (10)

प्रश्न 1) सही शब्द पर गोला लगाईए-

| | | | |
|---|---|---|---|
| (i) | भयभित | भयभीत | भैभित |
| (ii) | चिलाकर | चिल्लाकर | छिल्लाकर |
| (iii) | स्वस्थ | स्वस्त | श्वस्त |
| (iv) | क्यूंकि | क्योंकि | क्यूँकि |
| (v) | केन्दीय | केंदरिये | केन्द्रीय |
| (vi) | सकूल | स्कुल | स्कूल |

प्रश्न 2) पूरा कीजिए ।

(i) गर..........गरम ( मा, मी )

(ii) खुश .........दार ( बु, बू )

(iii) अ............पक (ध्या ,धा )

(iv) महत्व.........र्ण ( पु ,पू )

# सुलेख (5)

नीचे लिखे गद्यांश को सुन्दर सुडौल अक्षरों  में लिखिए-

**बालक का स्वभाव ही ऐसा होता है कि वह संवेदनाओं को शीघ्र ग्रहण करता है। वह बहुत भावुक प्रकृति का होता है। बालक में कल्पना-शक्ति अधिक होती है। वह हर प्रकार की कल्पना कर सकता है। वह जीवन का सूक्ष्म निरीक्षण करता है। वह प्रत्येक बात को अपने मन में उतार लेता है। बालक अपनी इच्छा के अनुसार और जगत से ग्रहण किए अनुभवों के आधार पर अपने जीवन का निर्माण करता है।**

..........................................................................................................................

..........................................................................................................................

..........................................................................................................................

..........................................................................................................................

..........................................................................................................................

..........................................................................................................................

..........................................................................................................................

..........................................................................................................................

..........................................................................................................................

..........................................................................................................................

..........................................................................................................................